महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय रोहतक से सम्बद्ध महाविद्यलयों के तीन दिवसीय तीरंदाजी टूर्नामेंट का आयोजन अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में किया गया है. दिनाँक 19–10–2015 को इस टूर्नामेंट का उद्घाटन अग्रवाल महाविद्यालय प्रबन्ध समिति के प्रधान श्री देवेन्द्र गुप्ता द्वारा किया गया. इस टूर्नामेंट में 13 महाविद्यालयों के 92 प्रतिभागियों ने भाग लिया. 19 अक्तूबर को भारतीय विधा (इंडियन राउण्ड) के अन्तर्गत छात्रों की टीम प्रतियोगिता में डी.ए.वी. महाविद्यालय, फरीदाबाद ने प्रथम, राजकीय महाविद्यालय, नारनौल ने द्वितीय और अग्रवाल महाविद्यालय, बल्लबगढ़ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया. उसी दिन छात्राओं की टीम प्रतियोगिता में जी.वी.एम. कॉलेज सोनीपत ने प्रथम, के.एल. मेहता कॉलेज, फरीदाबाद ने द्वितीय और डी.ए.वी.महाविद्यालय, फरीदाबाद ने तीसरा स्थान हासिल किया. 20 अक्तूबर को "कम्पाउण्ड राउण्ड" के अन्तर्गत टीम रूप में अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ ने पहला, डी.ए.वी. महाविद्यालय, फरीदाबाद ने दूसरा और राजकीय महाविद्यालय तिगाँव ने तीसरा स्थान पाया. आज की व्यक्तिगत तीरंदाजी प्रतिस्पर्धा में अग्रवाल महाविद्यालय, बल्लबगढ़ के तीरंदाज हरकेश और लवकेश ने क्रमशः प्रथम और तृतीय स्थान तथा राजकीय महाविद्यालय नारनौल के हरिन्दर ने दूसरे स्थान पर बाजी मारी. तीरंदाजी के इस टूर्नामेंट का कल यानि 21 अक्तूबर, 2015 को समापन होगा और विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा.

प्रबन्ध समिति के प्रधान श्री देवेन्द्र गुप्ता और कॉलेज प्राचार्य डॉ० कृष्णकान्त गुप्ता ने विजेताओं को बधाई दी.